तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 17.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 24 नवंबर 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]



14 जनस्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मितानिनों ...





14 ऐसे खेल आयोजन क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं ...




## खबर संक्षेप

### स्कूटी सवार को आई चोट

**महासमुंद।** झलप में बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार घायल हो गया। पुलिस को प्रार्थी चंद्रशेखर बघेल निवासी ग्राम सरेकेल ने बताया कि 15 नवंबर की शाम को वह ईवी स्कूटी क्रमांक सीजी 06 एचई 4826 से झलप बाजार जा रहा था। तभी सामने से आ रहे मोटर सायकल प्लेटिना के चालक रघुनाथ पटेल निवासी ग्राम सरेकेल ने अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उसकी स्कूटी को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।



# गौरैया, चिड़िया, कोयल के दाना चुगने के लिए बनाए धान बालियों के झालर, घरों में भी सजावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

- छत्तीसगढ़ के धान की बाली से बनी घर की शोभा

धान का कटोरा माने जाने वाले छत्तीसगढ़ में धान की बाली लगाने की परंपरा वर्षो से चली आ रही हैं। अगहन माह में धान पककर तैयार हो गया है तो धान की बालियों का झूमर बनाकर घर द्वार पर लगाया जा रहा है। ताकि, गौरैया, कबूतर, कोयल व अन्य पक्षी पक्षी दाना चुग सकें। ग्राम बिरकोनी की महिलाओं ने धान के बाली से झालर बनाकर अपने मितानिनों व शहर के रिश्तेदारों को भेज रही हैं। इसकी मांग व पारंपरिक शोभा बढ़ाने के लिए पूजा स्थल में लगाए जा रहे हैं। घर के मुख्य द्वार को सजाने के लिए अनेक सजावटी सामान के बीच छत्तीसगढ़ के धान की बाली से बनी झालर भी खूब पसंद की जा रही है। वही पर्यवरण प्रेमी अपने घर के मुख्य द्वार को सजाने के लिए भी धान की बाली की झालर लगा रहे हैं।

### धान की बाली को बताया शुभदायी

मीना बाई यदु ने बताया कि यह सुंदर दिखने के साथ ही अन्नदेवता का प्रतीक है। द्वार पर धान की बाली लगाने से घर हमेशा धनधान्य से भरपूर रहता है। अमरीका बाई साहू बताती हैं कि पूजा के साथ झालर के धान बाली रखना शुभदायी है। गांव-गांव में पर्व विशेष पर हर घर में धान की बाली द्वार पर सजाने की परंपरा है। पक्षियों को दाना मिलने में उपयोगी होता हैं। इससे घर में सुख-समृध्दि आती हैं। देवनाथ साहू ने बताया कि पूर्वजों से यही परम्परा चली आ रही है। जिसे बनाए रखने के लिए धान को पक्षियों को खिलाने के लिए छत, आंगन में सजाते हैं। यह झालर व्यर्थ नहीं जाता। राधा यदु ने बताया कि छत्तीसगढ़ के पहले मेहमान हमारे पक्षी हैं जिसके लिए धान की बाली टांगने की परंपरा हैं।

**समस्या :** नमी और बदरा वाले धान से बढ़ जाएगा समितियों का घाटा, अनुभवहीन कर्मचारियों ने की थी धान खरीदी

# जिले में खप गया हजारों क्विंटल अमानक धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में इस वर्ष न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू तो हो गया है, लेकिन शुरुआती दिनों में ही खरीदी केंद्रों में अनुभवहीन और अस्थायी कर्मचारियों ने बड़ी मात्रा में अधिक नमी और बदरा वाला धान खरीद लिया। इसका सीधा असर अब सहकारी समितियों की आर्थिक सेहत पर पड़ेगा और उन्हें लाखों रुपये का भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

धान खरीदी शुरू होने से ठीक पहले, जिले की अधिकांश सहकारी समितियों के स्थाई कर्मचारियों और कंप्यूटर ऑपरेटरों की लंबी हड़ताल से खरीदी व्यवस्था चरमराई रही। इस आपातकाल जैसी स्थिति से निपटने के लिए, प्रशासन ने कई केंद्रों पर नए कर्मचारियों को आनन-फानन में नियुक्त कर दिया या वैकल्पिक व्यवस्थाएं की। इन वैकल्पिक या नए नियुक्त कर्मचारियों को धान की गुणवत्ता जांचने, विशेष रूप से नमी मापक यंत्र के सही उपयोग और एफएक्यू मानकों को समझने का पर्याप्त प्रशिक्षण नहीं दिया गया।

परिणाम यह हुआ कि बड़ी मात्रा में वह धान भी खरीद लिया गया, जो सरकार द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानकों को पूरा नहीं करता है। खरीदी केंद्रों पर अनुभवहीन कर्मचारियों द्वारा बीते दिनों नमी युक्त और बदरा वाला धान खरीदा गया। इससे धान की गुणवत्ता प्रभावित हुई है, जिससे सहकारी समितियों को भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका है।



### नमी की अधिकता और बदरा, मानक से समझौता

नियमानुसार, धान में नमी की अधिकतम सीमा 17 प्रतिशत निर्धारित है। इससे अधिक नमी होने पर धान की खरीदी नहीं की जा सकती। खरीदी केंद्रों पर 18 से 20 प्रतिशत तक नमी वाला धान भी स्वीकार किया गया है। ठीक इसी तरह, बारिश या अन्य कारणों से धान में बदरा या मिट्टी, कचरे की मात्रा अधिक होने पर भी उसे रिजेक्ट कर दिया जाना चाहिए, लेकिन खरीदी की गति बनाए रखने या दबाव के कारण, अनुभवहीन कर्मचारियों ने इन मानकों को अनदेखा किया।

### समितियों पर पड़ेगा सीधा आर्थिक बोझ

जब खरीदी गई धान की मिलिंग के लिए राइस मिलर्स को आपूर्ति की जाएगी, तो वे अधिक नमी या बदरा वाले धान को निश्चित रूप से उठाव करने से इंकार कर देंगे। निम्न गुणवत्ता वाले धान को स्वीकार न करने पर, सहकारी समितियों को इसे औने-पौने दामों में बेचना पड़ेगा, जिससे एमएसपी और विक्रय मूल्य के बीच भारी अंतर आएगा। यदि मिलिंग के लिए धान को भेजना ही पड़ा, तो नमी को निर्धारित स्तर तक लाने के लिए समितियों को अपने स्तर पर धान को सुखाना होगा, जिसमें बड़ा अतिरिक्त खर्च आएगा।

### समितियों को होगा नुकसानः जय प्रकाश

सहकारी समिति कर्मचारी संघ के जिलाअध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने बताया कि गुणवत्ताहीन धान की खरीदी से वजन, धान खराब होने की संभावना अधिक होती है। अगर, मिलर ऐसे धानों के उठाव या रिजेक्ट करते है तो इसका सीधा नुकसान सहकारी समितीयों पर पड़ेगा।

## मारपीट, जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

**महासमुंद।** गुडरूपारा में एक व्यक्ति के साथ मारपीट, व जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी नरेंद्र कुमार कन्नौजे निवासी वार्ड नंबर 27 गुडरूपारा ने बताया कि वह आबकारी कार्यालय महासमुंद में प्यून का काम करता है। 21 नवंबर को वार्ड नंबर 27 गुडरूपारा महासमुंद के साहू समाज के भवन में दशगात्र कार्यक्रम हो रहा था। रात्रि करीबन 11 बजे के आसपास वह, होरीलाल साहू और राजा यादव के साथ बैठकर आपस में चर्चा कर रहे थे, तभी राजा यादव ने अचानक आवेश में आकर प्रार्थी के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। इसी तरह मारपीट के एक अन्य मामले में प्रार्थी अरशद वारसी वार्ड नंबर 14 अंबेडकर नगर महासमुंद ने पुलिसको बताया कि 20 नवंबर की रात्रि 10:30 बजे से 11 बजे के बीच वह मोहल्ले के शुभम सोनी, देवेश बाघमारे, अमन मदनकार के साथ आग ताप रहा था। इसी बीच बात-बात में ही शुभम सोनी ने गाली गलौज करते हुए पास में पड़े डंडा से उसके दोनो पैर में मारकर चोट पहुंचाया और जान से मारने की धमकी भी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# 10वीं-12वीं परीक्षाओं के टाइम टेबल जारी, कोर्स अधूरे, जिले के हजारों छात्र-छात्राएं चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

माध्यमिक शिक्षा मंडल, छत्तीसगढ़ ने इस वर्ष सीबीएसई पैटर्न का अनुसरण करते हुए 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की समय सारिणी एक महीने पहले ही जारी कर दी है। 12वीं की परीक्षा 20 फरवरी और 10वीं की परीक्षा 21 फरवरी से शुरू हो रही है। जहां एक ओर मंडल ने छात्रों को तैयारी के लिए पर्याप्त समय देने का दावा किया है, वहीं दूसरी ओर जिले के शासकीय स्कूलों में शिक्षकों को एसआईआर जैसे चुनावी कार्य में लगाये गये हैं जिससे स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी के कारण अधिकांश विषयों का कोर्स अभी भी अधूरा पड़ा है। अचानक समय सारिणी जारी होने से जिले के हजार से अधिक छात्र-छात्राओं में चिंता बढ़ गई है। जिले में लगभग 160 हाई स्कूल और 60 हायर सेकेंडरी स्कूल संचालित हैं। इन स्कूलों में विज्ञान, गणित, अंग्रेजी और वाणिज्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षको का अन्य कार्यो में ड्यूटी लगाई गई हैं जिससे अध्यापन व्यवस्था पर अतिरिक्त विषय का भार पड़ने वाला है। वही बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार लाने के उद्देश्य से जिले में मिशन अव्वल जैसे अभियान भी चलाए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि शिक्षकों की कमी के कारणों से बच्चों की पढ़ाई लगातार प्रभावित हो रही है। शाला प्रमुखों और शिक्षकों को दिसंबर के अंतिम सप्ताह तक हर हाल में कोर्स पूरा कराने और जनवरी माह को पूरी तरह से रिवीजन के लिए समर्पित करना पड़ेगा।




### प्री-बोर्ड और प्रैक्टिकल परीक्षा का दबाव

दिसंबर माह के मध्य से जनवरी के बीच प्री-बोर्ड परीक्षाओं का भी आयोजन किया जाना है, जो छात्रों के लिए मुख्य परीक्षा से पहले एक बड़ा टेस्ट होता है। इसके अलावा, 1 जनवरी से 10वीं और 12वीं की प्रैक्टिकल परीक्षाएं और प्रोजेक्ट वर्क भी शुरू हो जाएंगे। इस वर्ष से गणित विषय में भी 20 अंकों का प्रोजेक्ट वर्क शामिल किया गया है, जिसके लिए छात्रों को अतिरिक्त समय देना होगा। प्री-बोर्ड, प्रैक्टिकल और मुख्य परीक्षा की समय-सीमा एक साथ आने से छात्रों पर मानसिक दबाव दोगुना हो गया है।

### परीक्षा समय सारिणी जारी

जारी समय सारिणी के अनुसार, 10वीं बोर्ड परीक्षा 21 फरवरी से हिंदी विषय के साथ शुरू होगी। 24 फरवरी को अंग्रेजी, 26 फरवरी को सामाजिक विज्ञान, 28 फरवरी को विज्ञान, 6 मार्च को गणित और 9 मार्च को तृतीय भाषा (संस्कृत,मराठी,उर्दू) की परीक्षा होगी। 12वीं बोर्ड की परीक्षा भी 20 फरवरी से शुरू होगी। पहले दिन हिंदी, 24 को अंग्रेजी, 26 को सामाजिक विज्ञान, 6 मार्च को गणित और 9 मार्च को संस्कृत, मराठी, उर्दू, पंजाबी, तेलगू, तमिल, मलयालम जैसे विषयों की परीक्षा होगी। 11 मार्च को व्यवसायिक पाठ्यक्रम और 13 मार्च को अंतिम विषयों के साथ परीक्षा का समापन होगा। सभी परीक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक चलेंगी।

# तीन दिन बाद तापमान में गिरावट के आसार, सामान्य हुआ शहर का मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नवंबर के तीसरे सप्ताह में एक दौर की जोरदार ठंड के बाद जिले का मौसम अब अपनी सामान्य स्थिति में आ गया है। दिन में धूप की तेजी बनी हुई है, लेकिन अधिकतम तापमान सामान्य के आसपास बना हुआ है। वहीं, रात के समय में शहर में सामान्य ठंड महसूस हो रही है, जिससे लोगों को बिना गर्म कपड़ों के भी रात निकालने में आसानी हो रही है। अगले तीन दिनों तक स्थिति लगभग यही बनी रहेगी, जिसके बाद उत्तरी हवा के आगमन से ठंड का प्रभाव बढ़ने की संभावना है। वर्तमान में, शहर में दिन का मौसम खुशनुमा बना हुआ है। अधिकतम पारा सामान्य स्तर पर होने से धूप की गर्माहट महसूस तो हो रही है, लेकिन असहजता नहीं है। दूसरी ओर, रात में ठंड का प्रभाव अंबिकापुर जैसे उत्तरी इलाकों की तुलना में कम है। अंबिकापुर में जहां पिछले चौबीस घंटे में तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया गया है, वहीं शहर में रातें सामान्य ठंडक वाली हैं। लोग सुबह-सुबह ही सर्द मौसम का अहसास कर पा रहे हैं, जिसके बाद दिन चढ़ते ही मौसम सामान्य हो जाता है।

### तीन दिन बाद बदलेगा मौसम का मिजाज

जिलें में अभी पूर्वी हवा का प्रभाव है, जिसके कारण मौसम में कोई खास बदलाव नहीं दिख रहा है। जिले में कड़ाके की ठंड का आगमन दिसंबर और जनवरी के महीने में ही होता है। हालांकि, माना जा रहा है कि अगले तीन दिन बाद उत्तरी हवा का प्रवेश होगा। यह उत्तरी हवा जिले के मौसम के मिजाज को बदलने का काम करेगी और तापमान में गिरावट आने के आसार हैं। यह बदलाव नवंबर के अंत या दिसंबर की शुरुआत में देखने को मिल सकता है, जिससे लोगों को एक बार फिर से अच्छी ठंड महसूस होने लगेगी। पिछले चौबीस घंटे में जिले के मौसम में कोई खास बदलाव दर्ज नहीं किया गया है। जिले में दिन का अधिकतम तापमान सामान्य के आसपास रहा, जबकि रात का न्यूनतम तापमान भी सामान्य ठंड की स्थिति में ही रहा। प्रदेश के अन्य हिस्सों की तरह ही जिले में भी फिलहाल मौसम सामान्य बना हुआ है। अगले चौबीस घंटे में भी मौसम के सामान्य बने रहने की उम्मीद है।

## लोक सेवा आयोग परीक्षा की सूची जारी, नवकिरण के छात्रों का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा लोक सेवा आयोग परीक्षा 2024 का अंतिम चयन सूची जारी किया गया है। जारी चयन सूची में नवकिरण अकादमी एंव शासकीय जिला ग्रंथालय महासमुंद के दो अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा खनिज न्यास निधि से कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में चलाए जा रहे निःशुल्क कोचिंग नवकिरण अकादमी व शासकीय जिला ग्रंथालय में लोक सेवा आयोग परीक्षा 2024 में दो प्रतिभागी एवं भारतीय रेलवे में जूनियर इंजीनियर एवं एक विद्यार्थी सीए परीक्षा उत्तीर्ण की है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं जिपं सीईओ हेमंत रमेश नंदनवार ने प्रतिभागियों को चयन पर हर्ष जताया है।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** (1) चन्द्रकला पटेल पिता\पति-परस राम पटेल पता - गोपिया पारा पुरानी बस्ती, (2) कान्त तिवारी पिता\पति- स्व.राम कृष्ण तिवारी पता - 248 समता कॉलोनी रायपुर, (3) तम्मंत पटेल पिता\पति लक्ष्मीकान्त पटेल पता – रायपुर, (4) भारती चंद्राकर पिता\पति दीपक चंद्राकर पता - शिव विहार कॉलोनी संतोषी नगर रायपुर, (5) अनिल जनबंधु पिता\पति-स्व. कुंडलिक जनबंधु पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, (6) लक्ष्मीकान्त वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता - रायपुरा रायपुर ,(7) चन्द्रकला पिता\पति संतोष कुमार साहू पता - कुरूद रावाभाटा बिरगांव , (8) पुलकित कुमार साहू पिता\पति पवन कुमार साहू पता - शहीद नगर बिरगांव, (9) सूर्यकांत साठे पिता\पति -प्रकाश राव साठे पता - अश्वनी नगर रायपुर, (10) लोकेश कुमार वर्मा पिता\पति-हेमू राम वर्मा पता - तरपोंगी रायपुर, (11) पार्थिव धुवारे पिता\पति ओम प्रकाश धुवारे पता- इंद्रा नगर भिलाई, (12) निशा यादव पिता\पति केशव यादव पता- प्रेम नगर सिकोलाभाठा दुर्ग, (13) रौनक सिंह राजपूत पिता\पति युवराज सिंह राजपूत पता-दुर्गा चौक दीपक किराना स्टोर शंकर नगर दुर्ग, (14) हर्ष राजपूत पिता\पति कौशल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, (15) वेदांश तम्बोली पिता\पति खुशाल तम्बोली पता - गणेश पान मंदिर इंदिरा मार्केट, (16) चेतन देवांगन पिता\पति ओम प्रकाश देवांगन पता-गायत्री मंदिर दुर्ग, (17) राकेश कुमार यादव पिता\पति राजू यादव पता- गणेश चौक ए.सी.सी. जामुल, (18) आशीष शर्मा पिता\पति राजेंद्र शर्मा पता-बापू नगर खुर्शिपार भिलाई, (19) पोषण देवांगन पिता\पति कमलबी देवांगन पता- खुर्शिपार भिलाई, (20) नीमा साहू पिता\पति केशव साहू पता - सेलूद भिलाई , (21) हेमलता साह पिता\पति दाऊ लाल साहू पता - बेलर, (22) आदित्य यदु पिता\पति आनंद मधु यदु पता- छाती धमतरी, (23) लोकेश कुमार उपाध्याय पिता\पति स्व. राधे प्रसाद उपाध्याय पता- आमा तालाब रोड गौरा चौरा के पास धमतरी, (24) पारख प्रकाश साहू पिता\पति फल्लेश साहू पता-बोडरा स धमतरी, (25) रोहित तिवारी पिता\पति राधेश्याम तिवारी पता -राजनादगांव, (26) साधना ठाकुर पिता\पति केसव सिंह पता-डोंगरगढ़, (27) हेजल साहु पिता\पति मेषकुमार साहु पता - टेड़ेसरा, (28) शोभा राम देवांगन पिता\पति सेवा राम देवांगन पता-बेमेतरा, (29) अनिषा भगत पिता\पति धनमोहन भगत पता-जेल लाइन कांकेर, (30) डीपेश कुमार सेन पिता\पति गौकरण कुमार सेन पता-नवागांव, (31) मिनाक्षी सुधाकर वाकचौके पिता\पति सुधाकर वाकचौके पता-शांति नगर जगदलपुर, (32) शकीला परवीन पिता\पति मोहम्मद परवीन पता-रायपुर(पिथोरा), (33) प्रीति साहू, पिता\पति राम साहू पता-कवर्धा, (34) अखिलेश कुमार यादव पिता\पति सोहनलाल यादव पता-सिविल लाइन षष्ठी मंदिर के पास, (35) भगवती प्रसाद पिता\पति रामचरण प्रसाद पता-कोंडागांव। **बिलासपुर संस्करण -** (36) अनंदिता सूर्यवंशी, पिता का नाम अशोक सूर्यवंशी पता-राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर, (37) काब्या पटेल, पिता- मोहन पटेल पता- छोटी कोनी बिलासपुर, (38) अशोक कुमार देवांगन, पिता- केदारनाथ देवांगन, पता – कुम्हारपारा करबला रोड, बिलासपुर (39) अपूर्वा कौशिक पिता- दिलीप कौशिक पता-यदुनंदन नगर तिफरा, बिलासपुर (40) आयुष्मान मिश्रा, पिता - केशव कुमार मिश्रा पता– राजकिशोर नगर, – बिलासपुर (41) केदार नाथ श्रीवास, पिता–बहोरन लाल श्रीवास, – बिलासपुर पता - महिर्ष स्कूल रोड मंगला बिलासपुर, (42) मंजू बंजारे, पिता– संतोष कुमार बंजारे पता - मिनी माता नगर तेलीपारा बिलासपुर, (43) सुरेखा गुप्ता, पिता – स्व. रामकुमार गुप्ता पता– सरकंडा कपिल नगर बिलासपुर, (44) अशोक कुमार कौशिक पिता– स्व.श्री बी.आर.कौशिक, पता – ओम नगर जरहाभाठा बिलासपुर, (45) इरम परवीन, पिता– शेख शरीफ, पता बिलासपुर कुदुदण्ड, (46) किशोर कुमार त्रिवेदी पिता–स्व.ए.के.त्रिवेदी, पता – बिलासपुर, (47) श्रीमती रानी मिश्रा, पिता–स्व.सुधीर चंद्र मंडल, पता – फ्रेंड्स रेसीडेंसी सरकंडा, बिलासपुर, (48) प्राची गंधर्व, पिता– कृष्णा गंधर्व, पता- न्यूज़ सरकंडा जबरापारा, बिलाासपुर (49) नवीन पटेल, पिता–भैयाराम पटेल, पता – अभिषेक बिहार फेस-2 मंगला, बिलासपुर (50) नारद कुमार विश्वकर्मा, पिता– श्री राम सिंह, पता – नूतन चौक बिलासपुर, (51) दुष्यंत देवांगन, पिता–हरनारायण देवांगन, पता – मातृ छाया होस्टल बिलासपुर, (52) राजकुमार खरे पिता– स्व.मुन्नालाल खरे पता – साईं बिहार कॉलोनी मोपका, बिलासपुर (53) कल्याणी साहू पिता–जगदेव साहू पता – सकरी, बिलासपुर (54) सोम्य साहू, पिता– दीपक कुमार पता – सकरी, बिलासपुर (55) धनीराम टंडन पिता– स्व.बजारू टंडन पता – तालापारा बिलासपुर, (56) चित्रलेखा यादव, श्री श्यामलाल यादव, पता – शांति नगर सकरी, बिलासपुर (57) शाजी थामस पिता– स्व.सी.पी.थॉमस पता – बिलासपुर, (58) गुंजन साहू, पिता–दिलेश कुमार साहू, पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी परसदा, जिला–बिलासपुर। **भोपाल संस्करण -** (59) समिक्षा जैन पिता\पति सुभाष जैन पता-बैरसिया, (60) आयशा बी पिता\पति मुईन पता- बैरसिया, (61) चरण सिंह पिता\पति रामनारायण पता- मकान नं 13 ग्राम चंदेरी बैरसिया रोड, (62) नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगरकरोदभोपाल, (63) ज्योति बंजारा पिता\पति विजय सिंह पता-बंजारा बड़ी उकावद गुना, (64) अमिता पिता\पति उदित गौर पता-वार्ड न 17 तवा कॉलोनी हरदा, (65) साधना गौर पिता\पति रविशंकर गौर पता- तवा कॉलोनी हरदा, (66) विराज घाटे पिता\पति कपिल घाटे जोशी कॉलोनी हरदा, **जबलपुर संस्करण -** (67) आस्था अग्रवाल पिता\पति विजय अग्रवाल पता-कांचघर चौक संजय गांधी बोर्ड घमापुर, (68) हर्ष नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (69) राजेंद्र सोनकर पिता\पति नारायण प्रसाद सोनकर पता-मोहनी होम्स बिलहरी, (70) मान्यता अहिरवार पिता\पति राजेंद्र अहिरवार पता- ग्वारीघाट रोड, (71) यश नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (72) अंजना नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पंडित नेहरू वार्ड क्रमांक 8 बाजार मोहल्ला पाटन, (73) वंश यादव पिता\पति राजेश यादव पता-गुरु मोहल्ला पाटन जबलपुर, (74) मयंक मेहरा पिता\पति मिथिलेश कुमार पता-मेहरा पाटन।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### लालपुर चौक में रेस्टारेंट, ढाबा की आउटलेट नाली जाम, जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग और जोन अमले द्वारा लालपुर चौक में शिकायत के बाद आरजे 21 रेस्टारेंट, ढाबा की स्वच्छता व्यवस्था की जांच की गई। इस दौरान जन शिकायत सही मिली। ढाबा की आउटलेट नाली जाम मिलने पर संबंधित ढाबा संचालक पर 10 हजार जुर्माना लगाया गया। इसके साथ ही संबंधित व्यवसायी को रायपुर शहर को स्वच्छ बनाने में भागीदार बनने की शपथ दिलवाई गई। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन 10 के प्रभारी जोन स्वास्थ्य अधिकारी अमित बेहरा, मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग स्वच्छता निरीक्षक गिरिजेश तिवारी की उपस्थिति में निगम अमले ने लालपुर चौक में शिकायत के आधार पर आरजे 21 रेस्टारेंट की स्वच्छता व्यवस्था का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिकायत सही मिली। संबंधित रेस्टारेंट संचालक को सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने पर जुर्माना कर भविष्य में इस तरह की गलती न करने की समझाइश दी गई।

### आंबेडकर अस्पताल परिसर से दोपहिया पार

**रायपुर।** मौदहापारा थाने में एक महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ आंबेडकर अस्पताल परिसर से दोपहिया चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बोरियाखुर्द निवासी खुशबू यादव ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। खुशबू ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपनी बड़ी बहन का इलाज कराने आंबेडकर अस्पताल गई थी। अस्पताल के मेन गेट के पास एक्टिवा सीजी 04 एलपी 8475 खड़ी की थी, जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया।

### पटाखे फोड़ने से रोकने पर महिला को पीटा

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक महिला ने पटाखे फोड़ने के विवाद पर तीन लोगों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। संतोषी नगर निवासी महेश्वरी साहू ने सेवती विश्वकर्मा, धनेश्वरी साह तथा छोटू ध्रुव के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। महेश्वरी ने पुलिस को बताया कि तीनों उसके घर के सामने पटाखे फोड़ रहे थे। मना करने पर तीनों ने महेश्वरी के साथ मारपीट की।

### उधार लेन-देन के विवाद पर युवक को पीटा

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने में एक युवक ने एक अन्य के खिलाफ उधार लेन-देन के विवाद में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। खमतराई बसंत विहार कॉलोनी निवासी बसंत चावला ने मनोजानंद तिवारी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

### जनकराम दीवान का निधन

**महासमुंद।** आयुर्वेद विभाग में



कार्यरत 58 वर्षीय जनक राम दीवान का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम परसदा (ख) में किया गया। वे पिंकी, मोना, सीमा, अजय, कुशल के पिता थे। अंतिम संस्कार काफी संख्या में लोग शामिल हुए।


# रायपुर-बिलासपुर में खुलेंगे बिजली के मीटर जांचने के लिए लैब, भिलाई का लैब भी होगा आधुनिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में अब स्मार्ट मीटर लग रहे हैं, तो इसकी जांच की भी व्यवस्था की जा रही है। अब तक भिलाई में एक लैब है, जिसमें नए और पुराने मीटरों की जांच होती है। इसी के साथ करीब छह माह पहले नया रायपुर में केंद्र सरकार के सीपीआरआई का एक लैब खुला है। इसमें भी स्मार्ट मीटरों की जांच होती है।

अब रायपुर और बिलासपुर में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के लैब खोले जा रहे हैं। इसका काम अंतिम चरण पर है। यहां पर भी लैब खुलने के बाद प्रदेश में चार स्थानों में बिजली के स्मार्ट मीटरों की जांच की व्यवस्था हो जाएगी। प्रदेश में जब स्मार्ट मीटर लगाने का काम प्रारंभ किया गया तो स्मार्ट मीटरों का परीक्षण कराने का काम भोपाल के लैब में कराया गया, क्योंकि तब प्रदेश में एक भी लैब नहीं था। स्मार्ट मीटर लगाने का काम प्रदेश में टाटा और जीनस कंपनी कर रही है। इनके मीटरों को लगाने से पहले इनका परीक्षण कराया जाता है। इसी के साथ मीटरों के खराब होने या सही काम न करने की शिकायत मिलने पर उसकी जांच का काम भी पहले यहां नहीं हो पाता था, ऐसे में मीटरों को भोपाल भेजना पड़ता था।

**तीनों लैब में स्मार्ट मीटर जांचने की होगी सुविधा, नया रायपुर में केंद्र सरकार का एक लैब पहले से**



### दो नए लैब का चल रहा काम

प्रदेश में अब तक भिलाई में भी एक लैब है जिसमें मीटरों की जांच की जाती है। इस लैब में पहले के पुराने मीटरों की जांच होती थी, अब यहां पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं तो उनकी जांच की भी व्यवस्था भिलाई में है। भिलाई के लैब में किसी भी मीटर की जांच के लिए लंबा समय लगता है, क्योंकि प्रदेश भर के मीटर जांच के लिए यहां पर आते हैं। ऐसे में अब पॉवर कंपनी ने रायपुर के गुढ़ियारी और बिलासपुर के तिफरा में मीटरों के जांच के लिए नए लैब बनाने का काम प्रारंभ किया है। इसी के साथ भिलाई के लैब को भी आधुनिक किया जा रहा है। दो नए लैब प्रारंभ होने के बाद मीटरों की जांच में समय कम लगेगा। इसी के साथ बिलासपुर और सरगुजा संभाग के जिलों के मीटरों की जांच जहां बिलासपुर में हो सकेगी, वहीं रायपुर के लैब में रायपुर संभाग के साथ बस्तर संभाग के मीटरों की जांच होगी। भिलाई के लैब में दुर्ग संभाग के मीटरों की जांच होगी।

## बारिश खत्म होने के बाद भी नगर निगम बेसुध, दुर्घटना का अंदेशा

# सड़क पर जगह-जगह गड्ढे, आना-जाना हुआ मुश्किल उखड़ गई डामर की परत, बजरी के साथ उड़ रही धूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी सहित आउटर के वार्डों में मुख्य मार्ग और रहवासी इलाके की सड़क पर डामर की परत उखड़ने से जगह-जगह गड्ढे उभर आए हैं। बजरी के नुकीले टुकड़े और धूल गाड़ियों के आने-जाने के दौरान हवा में उड़ने से लोग परेशान हैं। टिकरापारा के साहू कांप्लेक्स से लेकर भगत सिंह चौक, पचपेड़ी नाका मुख्य मार्ग के सड़क पर गड्ढे ज्यादा होने से दापहिया, तिपहिया और चारपहिया चालकों की परेशानी बढ़ गई है। इसी तरह पुराना धमतरी रोड, कौशिल्या विहार और डूमरतराई वाले मार्ग की हालत खस्ता होने से धूल के गुबार से इस मार्ग पर आने-जाने वाले परेशान हो रहे हैं। इसी तरह आउटर में स्थित महात्मा गांधी वार्ड बंजर पारा बस्ती, गांधी चौक से सब्जी बाजार सड्डु तक के मार्ग बेहद खराब है। वार्ड पार्षद सावित्री धीवर ने रायपुर ग्रामीण विधायक और जोन 9 में सड़क मरम्मत के लिए प्रस्ताव बनाकर भिजवाया। पर स्वीकृति नहीं मिलने से मरम्मत का कार्य नहीं हो पा रहा है।



### टेंडर आ गए हैं, जल्द होगा वर्कआर्डर

शहर के चार विधानसभा क्षेत्रों में खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत कराने ऑनलाइन टेंडर किया गया था। पंद्रहवें वित्त आयोग मद में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 3-3 करोड़ की स्वीकृति इस कार्य के लिए मिली है। प्राथमिकता के आधार पर खराब सड़क की मरम्मत कराने जल्द वर्कआर्डर जारी होगा।

- अंशुल शर्मा जूनियर कार्यपालन अभियंता, लोक कर्म विभाग, नगर निगम रायपुर

**केस 1**

### लभांडी से जोरा पहुंच मार्ग का डामर उखड़ा

नगर निगम जोन 9 के लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित लभांडी से जोरा पहुंच मार्ग की डामर वाली सड़क पूरी तरह उखड़ गई है। इसके कारण जगह-जगह बजरी बिखरने और गड्ढा होने से आवागमन में लोगों को दिक्कत हो रही है। यही हाल लभांडी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने स्थित पहुंच मार्ग का है जहां पर सड़क खराब होने से लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने में परेशानी उठानी पड़ रही है। लभांडी के ही ब्रम्हदेवनगर में निगम ने न तो गंदे पानी के निकासी के लिए नालियां बनाई, न ही लोगों के आने-जाने के लिए पक्की सड़क का निर्माण किया। पुरानी कच्ची सड़क पर धूल और मिट्टी से होकर गंतव्य तक आने-जाने लोग विवश हैं।

**केस 2**

### पचपेड़ी नाका मुख्य मार्ग खस्ताहाल, जगह-जगह खतरनाक गड्ढे, धूल से पब्लिक बेहाल

नगर निगम जोन 6 के पचपेड़ी नाका मुख्य मार्ग में डामर की परत उखड़ने से धूल उड़ रही है। भारी वाहनों के आने-जाने से जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। बजरी और धूल के गुबार से बचाने पानी की छिड़काव किया जा रहा है, पर गड्ढों में पानी भरने से पैदल, दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया चालकों को भारी परेशानी हो रही है। इस मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव ज्यादा होने से ट्रैफिक जाम की समस्या से लोग अकसर जूझ रहे हैं। खासकर के दोपहिया चालकों को ये समझ नहीं आ रहा कि जगह-जगह खतरनाक गड्ढों से होकर गाड़ी कैसे निकालें। शिकायत के बाद भी सड़क मरम्मत का कार्य अब तक शुरू नहीं हुआ।

**केस 3**

### टिकरापारा नंदी चौक में पाइप लाइन लीकेज ढूंढने बीच सड़क पर गड्ढा

शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड के टिकरापारा नंदी चौक मुख्य मार्ग में नगर निगम ने पाइप लाइन लीकेज ढूंढने लंबा चौड़ा गड्ढा खोदवा रखा है। पिछले 3 दिनों से खतरनाक गड्ढा के चलते लोगों को इस मार्ग से होकर आने-जाने में परेशानी हो रही है। जोन दफ्तर में शिकायत के बाद भी पाइप लाइन लीकेज के मरम्मत का काम पूरा नही होने से गडढ़े को बंद नही किया गया है। जबकि इसी मार्ग का उपयोग स्कूली बच्चे, आसपास के कालोनी के रहवासी और नागरिक अकसर करते हैं। बीच सड़क पर गड्ढा खोद देने से दुर्घटना होने का अंदेशा बना हुआ है।

**केस 4**

### सरोना में संकल्प हास्पिटल से पार्थिवी तक सड़क खराब

जोन 8 क्षेत्र स्थित संत रविदास वार्ड में सरोना क्षेत्र के संकल्प हास्पीटल से पार्थिवी ग्रीन तक की सड़क खस्ताहाल है। भुक्तभोगियों ने इसकी शिकायत भी की है, इसके बाद भी सड़क मरम्मत का कार्य नगर निगम अब तक नहीं करा पाया है।लोगों का कहना है बारिश के समय इस इलाके में पानी के भराव की समस्या रहती है। इसी तरह जोन 5 के महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड में क्रांकीट की सड़क उखड़ने से लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। सोनार पारा, ढीमरपारा, पटेल पारा गली की सड़क की हालत खस्ता है। हालाकि सड़क मरम्मत के लिए जोन से प्रस्ताव मुख्यालय को मंजूरी के लिए भेजा गया है। प्रस्ताव की स्वीकृति लंबित होने से मरम्मत का काम शुरू नहीं हो पाया है।

### पौने तीन सौ फरार वारंटी गिरफ्तार, बदमाशों को दबोचने सौ से ज्यादा टीम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी सहित जिले की पुलिस ने अभियान चलाकर 24 घंटे के भीतर पौने तीन सौ से ज्यादा वारंटियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। गिरफ्तार वारंटियों में लंबे अरसे से हत्या सहित हत्या की कोशिश, रेप, आर्म्स एक्ट, मारपीट, धोखाधड़ी एवं विभिन्न गंभीर अपराधों के स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी की गई है।

आईजी अमरेश मिश्रा, एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर पुलिस ने स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को सभी एएसपी, सीएसपी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारियों द्वारा अपने थानों के बलों के साथ अपने थाना क्षेत्रों में स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया गया। विशेष अभियान में 24 घंटे के दौरान अलग-अलग थाना क्षेत्रों में वारंटियों की गिरफ्तारी की गई। गिरफ्तार वारंटियों में से कुछ को महाराष्ट्र, ओडिशा एवं मध्यप्रदेश सहित सरहदी जिलों से गिरफ्तार किया गया है। वारंटियों को गिरफ्तार करने पुलिस की सौ टीमें बनाई गई थीं।

# गांवों में बाल पोषण, स्वच्छता, मानसिक तनाव बाल अधिकार पर हुआ जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूनिसेफ छग के संयुक्त तत्वावधान में सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामन फेस 3.0 के अंतर्गत अग्रणी महाविद्यालय प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन एवं डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो निर्देशन में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित है।

जागरुकता कार्यक्रम में शामिल शांत्रीबाई महाविद्यालय के रासेयो इकाई गायत्री चंद्राकर द्वारा ग्राम पंचायत झालखम्हरिया में सामाजिक सर्वेक्षण किया। जहां शाला त्यागी, बाल श्रमिक, विकलांग बच्चों एवं आंगनबाड़ी में गर्भवती महिलाओं की ली। ग्राम पंचायत मचेवा में कार्यक्रम अधिकारी डॉ सरस्वती वर्मा के नेतृत्व में जागरुकता कार्य किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों द्वारा सर्वे में शाला त्यागी बच्चे बाल श्रमिक प्राप्त नहीं हुआ। साथ ही गर्भवती माताओं की संख्या 03 प्राप्त हुए एवं विकलांग 02 प्राप्त हुआ। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा एवं राजेश्वरी सोनी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम पंचायत कनेकेरा में दीवारों पर नारा लेखन किया गया। आंगनबाड़ी सर्वे से प्राप्त आंकड़े 30 गर्भवती महिलाओं की जानकारी प्राप्त हुआ।



चुम्मन लाल निषाद के नेतृत्व में स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम पंचायत साराडीह में आंगनबाड़ी सर्वे में 11 गर्भवती महिला, 08 विकलांग एवं शाला त्यागी बच्चे निरंक रहे। सभी ग्राम पंचायतों के आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण आहार, बाल अधिकार, बाल संरक्षण में आंगनबाड़ी के बच्चों को खेल के माध्यम से जागरूक किया। साथ ही शासकीय विद्यालयों में गुड टच बेड टच, बाल अपराध, बाल शोषण, मानसिक उत्पीड़न, पोषण आहार विषयों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर विद्यार्थियों को जागरूक किया। गांव में जागरुकता रैली, दीवारों पर नारा लेखन कर लोगों को बाल अधिकार के प्रति जागरूक किया। चौक-चौराहों में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। गांव में डोर टू डोर सर्वे किया गया। जिसमें घर में स्वच्छता, शिक्षा, मुखिया का नाम, परिवार में शिक्षित अशिक्षित की जानकारी, टीकाकरण की जानकारी प्राप्त किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा 4 ग्राम पंचायतों में लगभग आंगनबाड़ी एवं स्कूलों के बच्चों सहित लगभग 1940 लोगों को जागरूक किया गया।

## ऑल इंडिया न्यूज़ बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 28 दिसंबर से

**सरायपाली।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीनाकाशी क्रिकेट मैदान में भव्य




ऑल इंडिया ड्यूज़ बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन स्वर्गीय रघुवीर साहू की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रायोजक किरण कुमार साहू संस्थापक मित्रा फिट क्लब है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 28 दिसंबर से होगा, जो 4 जनवरी तक चलेगी। प्रतियोगिता में 16 टीमें पूरे भारत देश से पहुंच रही है। जिसमें प्रमुख रूप से विराट क्रिकेट अकादमी कोलकाता, रांची रॉकमेन झारखंड, यूनियन स्पोर्टिंग कटक ओडिशा, मानीगरीव क्रिकेट अकादमी रायपुर, बिलासपुर रेलवे छत्तीसगढ़, झारसुगुडा ओड़िशा, एमएमसीसी संबलपुर ओडिशा, टर्मिनेटर क्रिकेट अकादमी रायपुर छत्तीसगढ़, एमजेसीसी ऑल इंडिया, राउरकेला आशु 11 ओडिशा, प्रोफेशन सीसी रेलवे विशाखापट्टनम, खुरदा रेलवे ओडिशा, एमआरसीसी बैतारी छत्तीसगढ़, पुणे महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, तरभा ओडिशा आदि शामिल है। प्रतियोगिता के आयोजन मां रूद्रेश्वरी क्रिकेट क्लब बेचारी एवं ग्राम वासि है। जिसमें प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपए एवं द्वितीय पुरस्कार 50000 रुपए रखा गया है। प्रतियोगिता का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए संरक्षक सुनील साहू, अध्यक्ष नवीन साहू, उपाध्यक्ष नीरज प्रधान, सचिव अमित शनिकर, आशीष शनिकर, राजा साहू, मानस सेठ आदि सदस्य लगे हुए हैं। आयोजक मंडल ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रतियोगिता का लाभ उठाने की अपील की है।

# सिंघनपुर में मनाया गया मितानिन दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

ग्राम पंचायत सिंघनपुर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका दिवस व मितानिन दिवस का संयुक्त रूप से सम्मान समारोह रखा गया। जिसमें संतराम कुर्रे शिक्षक द्वारा अपने उदबोधन में नारी शक्ति व उनके अधिकारों के विषय में अपना विचार दिया। उसके बाद देवेंद्र राय (अध्यक्ष प्रा. कृषि शाख सेवा सहकारी समिति सराईपाली) ने मितानिनों, कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं द्वारा कर रहे विभिन्न कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके द्वारा निःस्वार्थ भाव से किये जा रहे कार्य सराहनीय है, धात्री माता व छोटे-छोटे बच्चों के स्वास्थ्य व शुरुआती शिक्षा के क्षेत्र में अहम योगदान रहा है। संचालन पंचायत सचिव लीलाधर ध्रुव ने किया। सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व मितानिन का श्रीफल व साड़ी का उपहार देकर सम्मानित किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से झालबाई राय सरपंच, देवेंद्र राय, लिलाधर ध्रुव सचिव, संतराम कुर्रे



शिक्षक, जया आवड़े (एफएलसीआरपी), पंचगण व प्रतिनिधि किसन जांगड़े, भारत टंडन, लखन ध्रुव, लालजी भारती, चैतराम यादव, सुन्दर कुर्रे, पूरण कोसरिया, बेदराम निषाद, गनेंद्र जांगड़े, डेविड कुर्रे, कमलेश ध्रुव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका - पुष्पा योगी, महेश्वरी राय, सुंदरी योगी अनिता जांगडे, कुमारी प्रभाकर, सुंदर बाई चंद्राकर, निर्मला भारती, सीमा जांगड़े, मितानीन रजवंतीन कोसरिया, मधु निषाद, मोहनी साहू, सावित्री जांगड़े की उपस्थिति रही।

# बैंकिंग प्रणाली में बदलाव, डिजिटल सेवा और ग्राहकों की सुरक्षा पर भी किया मंथन

## छत्तीसगढ़ चार्टर्ड अकाउंटेंट एसोसिएशन ने 'ज्ञान-सम्मेलन' में की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वित्त, कराधान और उद्योग जगत से जुड़े लोगों के लिए शनिवार को अपरान्ह तीन बजे शांति नगर स्थित विमतारा ऑडिटोरियम में एक नेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इस " ज्ञान-सम्मेलन " मंथन 2025" के साक्षी बनने के लिए विषय विशेषज्ञ भी पहुंचे। छत्तीसगढ़ चार्टर्ड अकाउंटेंट एसोसिएशन द्वारा सहकारी बैंक लिमिटेड के साथ मिलकर की गई इस कांफ्रेंस ने प्रदेश के व्यावसायिक परिदृश्य से जुड़े लोगों को नई ऊर्जा प्रदान की। इसका शुभारंभ बैंकिंग के भविष्य के लिहाज से किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में शरद नरहर गंगल ने कहा कि भारतीय बैंकिंग प्रणाली के व्यापक परिवर्तनों, डिजिटल विस्तार, ग्राहकों की सुरक्षा, नियामकीय मजबूती को समझना होगा।

विशिष्ट अतिथि ने विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "भारत वित्तीय अगवाई के नए युग में प्रवेश कर चुका है। आने वाले समय में सीएएस केवल अनुपालन विशेषज्ञ नहीं, बल्कि राष्ट्र की वित्तीय दिशा तय करने वाले रणनीतिक सलाहकार बनेंगे।"उनके विचारों ने पूरे सभागार में गंभीर चिंतन का वातावरण उत्पन्न किया। वक्ताओं द्वारा पेश किए नए विचार, नई नीतियों और नई तकनीक पर देशभर से आए प्रसिद्ध वक्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्रों में गहन, व्यावहारिक और शोध-आधारित सत्र संचालित किया।

सीए प्रफुल्ल पेंडसे ने सत्र में सेक्शन 148 पर मास्टर क्लास की जानकारी के साथ आयकर पुनर्मूल्यांकन, जांच प्रक्रिया और अनुपालन जोखिम का विश्लेषण सभी पेशेवरों के बीच प्रस्तुत किए। सीए जितेन्द्र सिंह खनूजा ने जीएसटी के वार्षिक रिटर्न और एफवाय-24-25 ऑडिट मुद्दे पर भी प्रकाश डालते हुए जटिल जीएसटी प्रावधानों को सरल तरीके से केस स्टडी और नवीनतम निर्देशों के साथ स्पष्ट किया। इस कड़ी में सीए अरिहंत जैन, करण गुप्ता, वैभव सिंघवी, निखिल अरेकर, किशोर बारडिया ने मंच का संचालन किया।




### विचारधारा और रोडमैप का आह्वान भी था

सीए धवल शाह समन्वयक के रूप में हर चरण में अग्रणी भूमिका निभाते रहे। वोट फार थैंक्स केवल धन्यवाद नहीं था, बल्कि छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय वित्तीय हब बनाने की दिशा में एक स्पष्ट विचारधारा और रोडमैप का आह्वान भी था। शाह ने कहा कि "मंथन 2025 केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि ज्ञान, नेतृत्व और पेशेवर उत्कृष्टता को बढ़ाने का संकल्प है। हमारा उद्देश्य छत्तीसगढ़ को देश का प्रमुख कंसल्टिंग और वित्तीय केंद्र बनाना है। सीए अमिताभ दुबे ने सकारात्मक पहलू पर प्रकाश डालते हुए इस तरह की पहल को हो रहे बदलाव के लिहाज से बेहतर बताया।

## खबर संक्षेप



### जिले से दो युवा प्रतिनिधि गुजरात के यूनिटी मार्च के लिए रवाना

**खल्लारी।** देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्र की एकता, अखंडता और समरसता को सुदृढ़ करने के लिए गुजरात में आयोजित होने वाले यूनिटी मार्च में जिले से चयनित दो युवा प्रतिनिधि कुबेर यदु एवं भैरव प्रसाद पाल जिले की ओर से सहभागिता के लिए रवाना हुए। राजधानी रायपुर से आयोजित औपचारिक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यूनिटी मार्च में सम्मिलित होने वाले प्रदेश के सभी युवा प्रतिनिधियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंहदेव, उपमुख्यमंत्री अरुण साव उपस्थित रहे। इन्होंने जिले से चयनित युवा प्रतिनिधि कुबेर यदु एवं भैरव प्रसाद पाल के रवाना होने पर हर्ष जताया।

### बिना जांच पड़ताल के राशन कार्ड काटने वालों पर हो कार्रवाई: देवी

**महासमुंद।** गरीबों के राशन कार्ड



काटे जाने को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष के बयान पर पलटवार करते हुए नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि नगर पालिका महासमुंद में स्थानीय सरकार कांग्रेस की है, वे अध्यक्ष है। कर्मचारी अगर बिना जांच का बीपीएल कार्डधारियों का राशन कार्ड काट रहे है यह तो उन्हीं के इशारे में हो रहा है। किसी भी गरीब जनता के साथ यह अन्याय बर्दाश्त नहीं होगा। नगर पालिका अध्यक्ष से मांग की है कि राशन कार्ड संवेदनशील विषय है। बिना जांच पड़ताल के कोई अगर ऐसा करता है, उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। जबकि, नपाध्यक्ष राज्य सरकार पर आरोप लगा रहे है, जो सीधे सीधे पल्ला झाड़ने वाली बात है। वार्डों में जलकर वसूली का कार्य होना चाहिए। लेकिन, जिस परिवार ने नल विच्छेद का आवेदन पूर्व में दे दिया है, नल काट दिया गया है, उनसे वसूली करना गैर वाजिब है। जनता भय एवं भ्रम में है, जिन्होंने बकायदा नल विच्छेद का आवेदन दिया है उस दिनांक के बाद उनसे वसूली न कराए। शहर की जनता को पानी देना आवश्यक सेवा है।

## आयोजन: कस्तूरबा गांधी राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट में मनाया गया एनसीसी दिवस

# एनसीसी कैडेटों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

27 सीजी बटालियन एनसीसी रायपुर के कमान अधिकारी कर्नल सौरभ कुमार आदेशानुसार महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक महासमुंद और महाविद्यालय प्राचार्य प्रो करुणा दुबे, विद्यालय प्राचार्य हेमंत आचार्य के मार्गदर्शन में महाविद्यालय और विद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ़्टिनेंट प्रदीप कन्हेर और थर्ड ऑफिसर कमलेश चंद्राकर के नेतृत्व में एनसीसी दिवस मनाया गया। जिसमें शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय और सेजेस महासमुंद के लगभग 125 एनसीसी कैडेट्स शामिल हुए।

कार्यक्रम में कैडेट्स महासमुंद शहर स्थित ग्राम बेलसोंडा में कस्तूरबा गांधी राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट में निवासरत बच्चों जिनके माता पिता शहीद हुए हैं या आर्थिक रूप से कमजोर हैं के साथ मिलकर उनका उत्साहवर्धन किए। साथ ही परिसर की साफ़ सफ़ाई किया गया और स्वच्छता के प्रति जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया। वहां स्थित कैंपस में पौधरोपण कर प्रकृति के महत्व को बताते हुए एक पेड़ मां



के नाम की योजना को साकार किया। एनसीसी कैडेटों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम देशभक्ति गीत एवं सेना के जवानों का देश के लिए त्याग एवं बलिदान को प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विशेष आरक्षक मनोज डड़सेना एसपी कार्यालय महासमुंद द्वारा एनसीसी दिवस पर सभी कैडेटों को राष्ट्रहित और सच्चे देशभक्त बनने की प्रेरणा देते हुए उनको करियर मार्गदर्शन किया। जीवन के मूलभूत सिद्धांतों को बताते हुए एक विकसित देश के अच्छे नागरिक बनने की सलाह दी। लेफ़्टिनेंट प्रदीप कन्हेर ने बताया कि अच्छे नागरिक की पहचान तब होगी जब हम ख़ुद सच्चे रहेंगे और अपने समाज को भी अच्छे विचारों से अवगत कराएंगे। थर्ड ऑफिसर कमलेश चंद्राकर ने बताया कि जीवन के हर क्षेत्र में अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहकर पूरी ईमानदारी से अपना काम करना चाहिए, जिससे देश उन्नति के शिखर पर पहुँचेगा।

इस कार्यक्रम में पूर्व सीनियर अंडर ऑफिसर नमन साहू, वर्तमान जूनियर अंडर ऑफिसर नैवेद्य बोयर, जागृति दीवान कैडेट कमलेश, किशन, अंजुमन, आशा साहू, भूमिका चंद्राकर और ट्रस्ट की संचालक हेमलता चंद्राकर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कैडेट चंद्रप्रकाश और लक्ष्मी सिका ने किया। महाविद्यालय प्राचार्य करुणा दुबे सहित महाविद्यालय वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ रीता पांडेय, डॉ नीलम अग्रवाल, डॉ मालती तिवारी, डॉ आरके अग्रवाल, एस आर रात्रे, मनीराम धीवर, डॉ ईपी चेलक, डॉ दुर्गावती भारतीय, अजय कुमार राजा, डॉ अजय कुमार देवांगन, प्रियंका सोनवानी, सरस्वती सेठ, राजेश्वरी सोनी, मनीषा प्रधान, केशरचंद बनपाल, आशुतोष गोस्वामी, दिलीप कुमार बढ़ाई, डॉ जगदीश सत्यम,कार्यालय प्रमुख मुकेश साहू, डॉ गरिमा दीवान, डॉ जागृति चंद्राकर, नम्रता तंबोली, रेणुका साहू, मृणाली चंद्राकर, शिवानी तावेरकर, टीकम साहू, प्रकाशमणि साहू, सौरभ साहू, दिलीप लहरे, कुंदन देवांगन, केसर कश्यप, गेश्वर दीवान, वेद देवांगन, राकेश जांगड़े, मुकेश पेंदरिया, कपिल पेंदरिया आदि मौजूद रहे।

# देश में चार लेबर कोड्स को लागू करने का फैसले स्वागतेय : अलका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्र की मोदी सरकार द्वारा शुक्रवार को एक बड़ा कदम उठाते हुए पांच साल पहले बनाये गये चार लेबर कोड्स को लागू करने के फैसले का अल्का चंद्राकर (स्वतंत्र निदेशक इस्पात मंत्रालय भारत सरकार) ने स्वागत करते हुए इसे श्रमिकों के जीवनस्तर में सुधार लाने, सुरक्षा प्रदान करने के लिए ऐतिहासिक कदम बताया है। ये चार नए कानून 29 पुराने कानूनों का स्थान लेंगे। चंद्राकर ने बताया कि इन नए कानूनों से श्रमिकों को



विभिन्न प्रकार के लाभ होंगे। जैसे अब सभी कर्मचारियों के लिए न्यूनतम मजदूरी तय की जाएगी, इसमें असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को भी शामिल किया जाएगा। श्रमिकों को बेसिक पे, महंगाई भत्ता और रिटेनिंग अलाउंस दिया जाएगा। महिला श्रमिकों के लिए लैंगिक समानता पर जोर दिया गया है। अब समान काम के लिए महिला और पुरुष को एक प्रकार के काम के लिए एक जैसे बराबर वेतन मिलेगा। 24000 रुपए तक कमाने वाले सभी कर्मचारियों के लिए यूनिवर्सल वेज पेमेंट कवरेज लाया गया है। ताकि, श्रमिकों को समय पर वेतन मिल सके। अब ओवर टाइम करने पर मजदूरों को सामान्य मजदूरी से कम से कम दोगुना पैसा मिलेगा। अब वन लाइसेंस-वन रजिस्ट्रेशन का नियम होगा यानी अलग अलग कामों के लिए अलग अलग रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता नहीं होगी। सभी कर्मचारियों और श्रमिकों के लिए अब अपॉइंटमेंट लेटर लेना अनिवार्य होगा। जिसमें उनके काम और शर्तों का लिखित प्रमाण होगा।

## निधन

### शेख गुलाम मोहम्मद

**सरायपाली।** बाजारपारा नूरानी चौक निवासी शेख गुलाम मोहम्मद का निधन लंबी बीमारी के चलते हो गया। वे शेख नवाज़ मोहम्मद के भाई और डॉ. इरफान शेख, इमरान शेख, डॉ. रिजवान, अब्दुल रहमान के पिता थे। इनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या समाजिकजन व नागरिकगण उपस्थित रहे।



## व्यावसायिक शिक्षा के तहत गायन प्रशिक्षण, सुर-ताल की पहचान अभ्यास से आती है: दिनेश

**पिथौरा।** पढ़ाई के साथ-साथ गीत-संगीत कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से शासकीय मिडिल स्कूल कसहीबाहरा में चलाए जा रहे व्यावसायिक शिक्षा के तहत गायन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षक के रूप में छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए राजकोट (गुजरात) के गायक, गीतकार एवं आरजे दिनेश बालासरा को विद्यालय आमंत्रित किया गया था। प्रशिक्षक दिनेश बालासरा ने विद्यार्थियो को सुरताल के बारे में जानकारी दी तथा देशभक्ति गीतों का गायन किया। विद्यार्थियों ने भी संगीत के प्रति अपनी अभिरुचि दिखाई तथा सामूहिक गायन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। संस्था प्रमुख हेमंत खुटे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सत्र से उनके विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा लागू की गई है। जिसके तहत उन्होंने संगीत के क्षेत्र का चुनाव किया है। इस नये कोर्स से बच्चे संगीत कौशल में दक्ष होंगे। हेमंत ने कहा कि संगीत न केवल एक कला है, बल्कि व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण साधन भी है।



प्रशिक्षण कार्यक्रम पश्चात स्कूल स्टॉफ की ओर से हेमंत खुटे, तबस्सुम व दिलीप कुमार पटेल ने दिनेश बालासरा को शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि दिनेश बालासरा ने पिथौरा से फेसबुक रेडियो चैनल लाइव राजकोट रेडियों का लाइव प्रसारण भी किया। जिसमें अतिथि के रूप में पिथौरा के साहित्यकार बीजू पटनायक एवं नवाचारी शिक्षक हेमन्त खुटे को आमंत्रित किया गया था। इस दौरान दिनेश बालासरा व कार्यक्रम में जुड़े श्रोताओं द्वारा किये गये सवालों का भी आमंत्रित अतिथियों ने जवाब दिया। इस लाइव कार्यक्रम में देश-विदेश से श्रोताओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में दिव्यांग मित्र मंडल पिथौरा व नाइट चेस क्लब द्वारा भी दिनेश बालासरा को शाल-श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



### रेजांगला रज कलश यात्रा का दिल्ली के जंतर-मंतर में हुआ समापन

**सरायपाली।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा द्वारा विश्व की सबसे लंबी रिकार्ड बनाने वाली रेजांगला शहादत शौर्य कलश यात्रा का दिल्ली के जंतर-मंतर पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समापन समारोह हुआ। विश्व की सबसे लंबी कलश यात्रा को तीन तीन अवार्ड मिले। केंद्र सरकार से अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग की गई। आगामी समय में दूसरा चरण शुरू होगा। विदित हो कि बिहार के छपरा से 13 अप्रैल 2025 को प्रारंभ हुई रेजांगला कलश यात्रा देश के 22 राज्यों में भ्रमण करते हुए 18 नवंबर 2025 तक एक लाख किलोमीटर से अधिक यात्रा की गई, जो कि इस यात्रा के पहले किसी भी संगठन ने इतनी लंबी यात्रा नहीं की थी। लगभग सात माह समय लगा। और इसको विश्व की सबसे लंबी यात्रा के तीन तीन अवार्ड प्राप्त हुई। समापन कार्यक्रम में सभी राज्यों के प्रमुख पदाधिकारियों सहित यदुवंशी लोगों ने भाग लिया। इंजी. एसडी यादव ने आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी नरेंद्र कुमार यादव ने दी है।

## उड़ान आवासीय विद्यालय में मनाया गया 77वां एनसीसी दिवस

**सरायपाली।** शासकीय आदर्श विद्यालय व आत्मानंद विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने 77वां एनसीसी दिवस उड़ान दृष्टि एवं श्रवण बाधित विशेष (आवासीय) विद्यालय सरायपाली में दृष्टिबाधित एवं श्रवण बाधित दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम अनुपमा आनंद रही। समारोह में एनसीसी कैडेट्स ने अनुशासन, देशभक्ति, समर्पण, एकता की भावना एवं अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पूरा परिसर विभिन्न बैनर, पोस्टर, फ्लैक्स, नारे स्लोगन की तख्तियों से भरा रहा और सुबह से ही उत्साह, नए उमंग, सकारात्मक ऊर्जा सहित देशभक्ति का रग-रग में संचार करते हुए दृष्टिगोचर हो रहा था। 28 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी रायगढ़ के कमान अधिकारी कर्नल पीके तेवतिया ने सभी एनसीसी कैडेट्स को एनसीसी दिवस की शुभकामनाएं दी। समारोह में प्रतिवेदन



वाचन एनसीसी अधिकारी फर्स्ट ऑफिसर जेएल पटेल द्वारा किया गया। उन्होंने एनसीसी के इतिहास, उद्देश्य, युवाओं में राष्ट्रभक्ति जागृत करने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए यूनिट प्रारम्भ से आज तक की सफर और उपलब्धियों की सारगर्भित जानकारी साझा किया।

मुख्य अतिथि एसडीएम ने अपने संबोधन में कहा कि एनसीसी के माध्यम से कैडेट्स में लीडरशिप, अनुशासन, एकता, देशभक्ति, निष्ठा, सेवा की भावना जैसे विशिष्ट गुणों, भावनाओं का विकास होता है। यह समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना प्रबलता का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने इस विशिष्ट आयोजन की सराहना किया। जेपी पटेल (प्राचार्य) ने कैडेट्स को सतत रूप से राष्ट्रहित, समाजहित में कार्य करने,सदैव लक्ष्य पर ध्यान फोकस करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर उड़ान विद्यालय के दिव्यांग विद्यार्थियों द्वारा साइन लैंग्वेज के माध्यम से राष्ट्रीय एकता और नशामुक्ति का व्यापक संदेश दिया गया। इस अवसर पर दिव्यांग विद्यार्थियों को फल, बिस्किट आदि खाद्य सामग्री वितरित किया गया और एनसीसी यूनिट द्वारा नगद प्रोत्साहन राशि बालहित में संस्था को भेंट किया गया। एनसीसी दिवस पर एक पेड़ उड़ान विद्यालय के दिव्यांग बच्चों के नाम विद्यालय परिसर में बादाम पेड़ का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण,पर्यावरण संतुलन एवं हरियाली का संदेश दिया गया।

# विद्यार्थियों को सही कैरियर विकल्पों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

सेंट विंसेंट पल्लोटी हायर सेकेंडरी स्कूल कुटेला में कैरियर कनेक्ट 2025 का दूसरा कार्यक्रम सफलतापूर्वक हुआ। यह आयोजन वेदस्व एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी रायपुर एवं अंजनेया यूनिवर्सिटी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अंजनेया विश्वविद्यालय, कलिंगा विश्वविद्यालय, मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर, संदीप विश्वविद्यालय नासिक, द्वारिका राधा विश्वविद्यालय सिक्किम सहित अनेक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों के बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों, संस्था प्रमुखों ने इस प्रोग्राम में उपस्थिति दर्ज कराते हुए इसका भरपूर लाभ लिया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे द्वारा सम्बोधित करते हुए कहा कि कैरियर कनेक्ट 2025 विद्यार्थियों को नई दिशा देने वाला प्रेरणादायक कार्यक्रम है। आज के समय में विद्यार्थियों को सही कैरियर विकल्पों की जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है। ऐसे कार्यक्रम शिक्षा जगत में नवाचार लाते हैं और विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। वेदस्व एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा किया गया यह प्रयास काफ़ी सराहनीय है। एसडीएम अनुपमा आनंद (आईएएस) ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सही मार्गदर्शन, सही समय पर मिलना सबसे बड़ी उपलब्धि है। कैरियर कनेक्ट जैसे आयोजन विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में मील का पत्थर साबित होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों का आवश्यक मार्गदर्शन किया और कैरियर निर्माण के लिए जरूरी सुझाव भी दिए। एबीईओ डीएन दीवान ने अपने संबोधन में कहा कि कैरियर कनेक्ट 2025 के माध्यम से विद्यार्थियों को कौशल



विकास, प्रौद्योगिकी, जॉब रेडी कोर्सेस जैसे क्षेत्रों में बेहतर अवसरों की जानकारी साझा किया जाना अपने आपमें महत्वपूर्ण है। बीआरसीसी देवानंद नायक ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को नई सोच के साथ नई दिशा मिलती है, जो उनके कैरियर को बेहतर बनाती है। मुख्य वक्ता एवं विषय विशेषज्ञ के रुप में डॉ. जयेंद्र नारंग निदेशक अंजनेया विश्वविद्यालय, डॉ.एजे खान निदेशक मैट्स यूनिवर्सिटी, यूसुफ मार्केटिंग प्रमुख कलिंगा विश्वविद्यालय अन्य विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि कार्यक्रम में उपस्थित रहकर विद्यार्थियों को क्रमशः सम्बोधित किया एवं बच्चों के सवालों का जबाव देते हुए बेहतर कैरियर चयन के लिए आवश्यक मार्गदर्शन किया। वेदस्व एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी के चेयरमैन वेद प्रकाश वर्मा ने कहा-हमारा प्रयास है कि प्रदेश के हर जिले और ब्लॉक में कैरियर कनेक्ट कार्यक्रम आयोजित कर अधिकाधिक विद्यार्थियों तक नई शैक्षणिक संभावनाएं पहुंचा सकें। उन्होंने ज़िला शिक्षा अधिकारी, बीईओ, एबीईओ, बीआरसीसी, सीएसी, समस्त प्राचार्यगण, मार्गदर्शक टीचर्स एवं उत्साही, लगनशील विद्यार्थियों एवं सेंट विसेंट पल्लोटी स्कूल कुटेला के प्राचार्य एवं प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अर्जित गोस्वामी ने किया।



### बलोदा में 450 कट्टा अवैध धान जब्त, राजस्व एवं मंडी टीम की संयुक्त कार्रवाई

**महासमुंद।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार धान की अवैध परिवहन एवं भंडारण पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में विकासखंड सरायपाली के ग्राम बलोदा में एसडीएम सरायपाली के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग और मंडी प्रबंधन की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की गई। जांच के दौरान टिकेश्वर साहू के गोदाम में अवैध रूप से संग्रहित धान पाया गया। टीम ने मौके पर 450 कट्टा अवैध धान जब्त करते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। कार्रवाई के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में गोदाम को सील किया गया। जिला प्रशासन ने कहा है कि जिले में धान की अवैध खरीदी बिक्री, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने आगे भी सघन कार्रवाई जारी रहेगी।



### पूर्व नपाध्यक्ष राशि ने डीएसपी पद पर चयनित हर्ष का किया सम्मान

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग 2024 की चयन परीक्षा में 34वें रैंक के साथ उपपुलिस अधीक्षक (डीएसपी) पद पर चयनित इमली भाठा निवासी हर्षवर्धन शर्मा पिता विनोद शर्मा के निवास जाकर पूर्व पालिकाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग, पूर्व उपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग, कांग्रेसी नेता नीरज परोहा एवं अरिश अनवर ने पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। हर्ष ने अपनी इस उपलब्धि के लिए परिवारजनों माता भारती शर्मा (गृहिणी), पिता विनोद शर्मा (पुलिस विभाग) व बहन उत्पला शर्मा (अधिवक्ता) को पूरा श्रेय देते हुए उन सभी को अपना पथ प्रदर्शक बताया। पूर्व पालिकाध्यक्ष ने परिवारजनों से चर्चा के दौरान इस उपलब्धि को परिवार की नही बल्कि संपूर्ण महासमुंद नगर के लिए गौरवशाली बताया। मुलाकात में चयनित छात्र के पिता के साथ पुलिस सेवाकाल में उनके बीते सुनहरे मधुर स्मरणों को भी याद किया।



### नर्रा में मनाया गया मितानिन दिवस

**नर्रा।** ग्राम पंचायत नर्रा में 23 नवंबर को मितानिन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोचन पटेल जनपद सदस्य मौजूद रहे। अध्यक्षता सरपंच नामेश्वरी दीवान ने की। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता, सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चन कर की गई। इसके बाद अतिथियों का स्वागत रोली चंदन बंदन से किया गया। मुख्य अतिथि लोचन ने अपने उद्बोधन कहा कि मितानिनों के कार्यों की प्रशंसा की। इस मौके पर मितानिनों का साड़ी एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस दौरान पंच दया दीवान, संतोष पटेल, चंदन पटेल मौजूद रहे। मंच संचालन सचिव घनश्याम दीवान ने किया।

### राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए हुआ चौथा टेस्ट

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा विनय कुमार लंगेह कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं रवि साहू अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए 8 टेस्ट सीरीज के क्रम में चौथा टेस्ट का आयोजन किया गया। जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी डी. बसंत साव ने बताया कि 08 टेस्ट सीरीज के क्रम में रविवार को चौथा टेस्ट पेपर भारत का भूगोल एवं छत्तीसगढ़ का भूगोल का हुआ। जिसमें कुल 100 नंबर के पर्चे में भारत का भूगोल एवं छत्तीसगढ़ का भूगोल आदि के प्रश्न पूछे गए। चौथा टेस्ट पेपर में संस्था में अध्यनरत एवं संस्था के बाहर के पंजीकृत अभ्यर्थियों ने कुल 89 परीक्षार्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 08 टेस्ट के क्रम में पांचवा टेस्ट का आयोजन 30 नवंबर रविवार को दर्शनशास्त्र, करेंट अफेयर्स, कला संस्कृति, पर्यावरण, का टेस्ट आयोजित होगा। डी. बसंत साव ने आगे बताया कि आगे आयोजित होने वाले टेस्ट में तैयारी करने वाले और सीजीपीएससी प्री परीक्षा में शामिल होने वाले इच्छुक परीक्षार्थी जानकारी प्राप्त करने और पंजीयन कराने कार्यालय नवकिरण अकादमी महासमुंद में आकर संपर्क कर सकते हैं।

### शिक्षा विभाग की समीक्षा आज

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में 24 नवंबर को सुबह 11 बजे स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम विद्यालय में शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में सभी संकुल प्राचार्यों, पीएम श्री प्राचार्यों एवं सेजेस प्राचार्यों को पूरे एजेण्डे की जानकारी सहित समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में जिले में आयोजित होने वाली आगामी 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। साथ ही 5वीं और 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा एवं हाल ही में संपन्न हुई छमाही परीक्षा की समीक्षा भी की जाएगी। प्रारंभिक कक्षाओं में पढ़े रहे बालबाड़ी के बच्चों की यू-डाइस प्रविष्टि, पीएम ई-विद्या के उपयोग को बढ़ावा देने तथा अपार आईडी निर्माण की प्रगति पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके अलावा पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना की गुणवत्ता, विद्यालयों में एलपीजी उपयोग को बढ़ाने, शिक्षा का अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन, छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े दिशा-निर्देशों की स्थिति और शाला भवनों के निर्माण कार्यों की प्रगति भी समीक्षा की जाएगी। बैठक में न्यायालयीन प्रकरणों की अद्यतन स्थिति, नशामुक्ति अभियान की प्रगति और यू-डाइस अपडेशन की वर्तमान स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी।



### जिला स्तरीय खो-खो, कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

**महासमुंद।** स्थानीय मिनी स्टेडियम में रविवार को जिला स्तरीय ओपन खो-खो कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**



## खरोरा में किया गया मितानिनों का सम्मान

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत खरोरा में 23 नवंबर को मितानिन दिवस मनाया गया। सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर द्वारा मितानिनों का सम्मान श्रीफल व साड़ी भेंटकर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम खरोरा के सरपंच वीणा चंद्राकर ने कहा कि मितानिनों का कार्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य उनके द्वारा बच्चों को टीका लगने से लेकर, गर्भवती महिलाओं की देखरेख करना, अस्पताल ले जाना, जच्चा-बच्चा को स्वस्थ रखने के लिए पोषण आहार संबंधी जानकारी देने का काम जिम्मेदारी से किया जाता है।



## कौहाकुड़ा में मनाया गया मितानिन दिवस

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम पंचायत कौहाकुड़ा में मितानिन दिवस मनाया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत के सभी मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका को सरपंच नारायण पटेल, उपसरपंच हीरालाल पटेल, पंचायत सचिव शिवलाल विश्वकर्मा, रोजगार सहायक महेंद्र कुमार रात्रे एवं सभी पंचों द्वारा सह सम्मान श्रीफल और साड़ी भेंट किया गया।

## बिंद्रावन में कुराल पूजा महोत्सव कल

**नर्रा।** ग्राम बिंद्रावन में कुंभकार समाज कुराल पूजा महोत्सव 25 नवंबर मंगलवार को लक्ष्मीनारायण मंदिर में मनाया जाएगा। इस अवसर पर एक दिन पूर्व 24 नवंबर सोमवार को सायं बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद 7 बजे सुर सुरभि पंडवानी गायिका पूनम सिन्हा का कार्यक्रम होगा। दूसरे दिन प्रातः 8 बजे से हवन पूजन एवं दोपहर 1 बजे महाभंडारा प्रसादी वितरण होगा।

## परसुली में कुराल पूजा कल

**नर्रा।** ग्राम परसुली में कुम्हार समाज द्वारा मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष कुराल पंचमी व चक्र पूजा महोत्सव 25 नवंबर मंगलवार को मनाया जाएगा। प्रातः7 बजे प्रभात फेरी के पश्चात 10 बजे से स्थानीय लक्ष्मी नारायण मंदिर पर हवन पूजन के बाद प्रसादी वितरण होगा। इस अवसर पर रात्रिकालीन भूले बिसरे छग नाच पार्टी मोंगरापाली स का कार्यक्रम रखा गया है।

**कार्यक्रम : मितानिन दिवस पर टाउन हाल में मितानिनों का किया सम्मान**

# जनस्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मितानिनों का महत्वपूर्ण योगदान : निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय टाउन हाल में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की पहल पर मितानिन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर मितानिनों का सम्मान किया गया। अध्यक्ष साहू ने मितानिन दीदियों को शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि पोषण, स्वास्थ्य एवं जागरुकता के क्षेत्र में मितानिनों ने उल्लेखनीय काम किया है। जनस्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मितानिन बहनों की मेहनत का बहुत बड़ा योगदान है। छत्तीसगढ़ ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो प्रगति हासिल की हैं, वह मितानिनों के प्रयास के बिना संभव नहीं होती। उन्होंने कहा कि मितानिनों द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं से आम जन को काफी लाभ प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान मितानिनों के सम्मान से अभिभूत अर्बन हेल्थ सुपरवाइजर सुषमा शर्मा ने कहा कि पहली बार मितानिनों के सम्मान में इस तरह के आयोजन हो रहा है। उन्होंने नपाध्यक्ष साहू का आभार व्यक्त करते हुए मितानिनों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, ईश्वरी भोई, जय देवांगन, पार्षद ओमिन टोमन कागजी, धनेंद्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, भाऊराम साहू, चंद्रशेखर बेलदार, पीयूष साहू, राहुल आवड़े, बड़े मुन्ना देवार, शुभ्रा मनीष शर्मा, सीता टोंडेकर, धनेश्वरी सोनवानी सहित मितानिन राजवती साहू, ज्योति पवार, रानी शर्मा, सरस्वती साहू, उतरा साहू, सावित्री सिन्हा, देवकी चतुर्वेदी, निर्मला चंद्राकर, जानवी ठाकुर, कांति साहू, रेखा साहू, मालती नायक सहित अनेक मितानिन मौजूद रहे।




## पचेड़ा में मितानिनों का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत पचेड़ा में मितानिन दिवस मनाया गया। मितानिनों को श्रीफल व साड़ी भेंटकर सम्मान किया गया इस दौरान श्यामाबाई टंडन सरपंच ग्राम पंचायत पचेड़ा, जितेंद्र टंडन सरपंच प्रतिनिधि, पुन्नालाल प्रजापति सचिव, मानिक लाल टंडन उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति पचेड़ा, मोहन मिरी उपसरपंच, देवानंद साहू पंच, टिकेश्वरी टंडन पंच, रथकुमारी ढीढी पंच, निर्मला निषाद पंच, किरण साहू पंच, लीला पटेल पंच, मीना साहू पंच, आनंदबाई ध्रुव पंच, सरस्वती यादव पंच, ज्योत्सना क्षेत्रपाल पंच, राकेश दुबे पंच, गुलाब साहू पंच, मथुरा निषाद मितानिन, ममता निषाद मितानिन, हरीश नायक ऑपरेटर आदि ग्रामीण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मानिक लाल टंडन ने दी है।

## उरला से मां खल्लारी व चंडी दर्शन करने पहुंचे स्कूली बच्चे, मनोरम दृश्य से देख हुए आनंदित



**खल्लारी।** जिला के प्रसिद्ध दैवीय माता तीर्थ स्थल खल्लारी स्थित पहाड़ी वाली खल्लारी मातेश्वरी के दर्शन पूजन करने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उरला (पाटन/दुर्ग) के प्राचार्य, व्याख्याता, शिक्षक व शिक्षिकाएं सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे पहुंचे। सभी ने मां खल्लारी का दर्शन पूजन करने के साथ खल्लारी पहाड़ी ऊपर प्राकृतिक सौंदर्य के मनोरम दृश्यों के साथ महाभारत कालीन चिन्हों को भी पहाड़ी ऊपर प्रमुखता से अवलोकन किया। बता दें कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उरला (पाटन) से 16 लोगों के स्टाफ के साथ करीब 40 छात्र-छात्राएं भी खल्लारी पहुंचे थे। जिसके पश्चात बागबाहरा के घुंचापाली स्थित चंडी माता मंदिर दर्शन पूजन करने गए।

## ऐसे खेल आयोजन क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं के लिए मील का पत्थर साबित हो रहे हैं : स्वप्निल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

शहीद भगत सिंह खेल मैदान में जारी पिथौरा प्रीमियम लीग के सेमीफाइनल मुकाबले का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष स्वप्निल तिवारी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के संरक्षक पवन गुप्ता ने की। विशेष अतिथि के रूप में परमीत सिंह, निशु माटा, ऋषिकेश शुक्ला, राजेश मिश्रा, विजय गुप्ता, मनराखन ठाकुर, राजेश बंसल एवं नानू सोनी उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की औपचारिक शुरुआत की।

खिलाड़ियों एवं दर्शकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि स्वप्निल तिवारी ने कहा कि पिथौरा का नाम पूरे प्रदेश में खेल आयोजनों के केंद्र के रूप में स्थापित हो चुका है। समय-समय पर आयोजित होने वाले ऐसे टूर्नामेंट क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर रहे हैं, जो मील का पत्थर साबित हो रहे हैं।




उन्होंने कहा कि इन आयोजनों का परिणाम है कि प्रदेश स्तर पर पिथौरा क्षेत्र के खिलाड़ियों का चयन लगातार हो रहा है, जो यहां की खेल संस्कृति और आयोजन समितियों की मेहनत का प्रमाण है। तिवारी ने आयोजन टीम की मेहनत, अनुशासन और लगन की प्रशंसा की। इस अवसर पर आयोजन समिति के कौशलदास मानिकपुरी, नवीन साहू, सुनील यादव, मोहम्मद कलीम, मोहम्मद असलम, शैलेंद्र सिन्हा, कुशल यादव, राहुल चौधरी, जय साहू, विकास डड़सेना, बाबू रौतिया, भीमा रौतिया और हर्ष पटेल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# बोंदा में चक्र पूजा महोत्सव एवं वार्षिक सम्मेलन कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

कुंभकार महासंघ फुलझर अंचल द्वारा आयोजित चक्र पूजा महोत्सव एवं वार्षिक सम्मेलन इस वर्ष ग्राम केदुवां (सरायपाली) शाखा सभा बोंदा में 25 नवंबर से 28 नवंबर तक बड़े हर्षोल्लास एवं धार्मिक गरिमा के साथ होगा। समाज के सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक वैभव को एक सूत्र में पिरोता यह आयोजन इस बार कई विशेषताओं के साथ मनाया जाएगा।

25 नवंबर को महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा से होगा, जिसमें लगभग 1000 से 1500 माताएं–बहनें पारंपरिक वेशभूषा में नगर भ्रमण करते हुए शामिल होंगी। कर्मा नृत्य, कीर्तन और जयघोष के साथ कलश यात्रा मूर्ति स्थापना स्थल तक पहुंचेगी। दोपहर 2 बजे से कुराल पुराण गायन तथा रात्रि में ओड़िया पाला (ओडिशा टेमरी) का आध्यात्मिक आयोजन रहेगा। 26 नवंबर को आम सभा, अतिथि सत्कार और महाभंडारा के साथ महाप्रसाद वितरण। रात्रि में मनोहर मांझी लोककला मंच, गिधौरी द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति महोत्सव को विशेष दर्शनीय बनाएगी। इसी दिन शुभा नर्सिंग होम, सरायपाली के सौजन्य से विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित होगा, जिसमें निःशुल्क नेत्र चिकित्सा व्यवस्था भी रहेगी। प्रतिभावान बच्चों का सम्मान, समाज के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा। पूरे दिन विशाल मीना बाजार आकर्षण का केंद्र रहेगा। प्रतिदिन प्रातः एवं सायं चक्रधारी भगवान की आरती वातावरण को भक्तिमय बनाएगी। 28 नवंबर को पूर्णाहुति हवन, सामूहिक प्रार्थना और मूर्ति विसर्जन के साथ महोत्सव का शुभ समापन होगा। कुम्हार समाज अपने आराध्य लक्ष्मीनारायण, त्रिदेवों, रुद्रपाल तथा माता रुद्रेश्वरी की पूजा-अर्चना कर समाज एवं राष्ट्र की खुशहाली, समृद्धि और शांति के लिए मंगलकामनाएं करेगा। समाज के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्रनाथ राणा ने सभी समाजजन, श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर इस धार्मिक-सांस्कृतिक महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है। उक्त जानकारी संगठन के सह सचिव क्षीरसागर राणा ने दी है।



## एसआईआर का जनपद सदस्य ने किया अवलोकन



**नर्रा।** छग राज्य में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य 4 नवंबर 2025 से शुरू हो चुका है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची एक बड़े और विस्तृत सत्यापन अभियान से है। मृत या डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाना, 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके नए पात्र मतदाताओं का नाम जोड़ना, इस मतदाता सूची में अन्य त्रुटियों को ठीक करना है। ग्राम पंचायत परकोम में बूथ वार गणना प्रपत्रों का वितरण बीएलओ के माध्यम से घर-घर जाकर किया। वही सुपरवाइजर हल्का पटवारी गंगाराम ध्रुव सभी बूथों में जाकर सत्यापन अभियान में कार्यरत हैं। इस दौरान जनपद सदस्य लोचन पटेल, सरपंच प्रतिनिधि परमेश्वर पटेल, कोटवार छेदूराम चंद्रवंशी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जामबाई दीवान, रोजगार सहायक रानी पटेल, मितानिन खेमा दीवान, जयसिंह दीवान, दिनेश दीवान, सहदेव निर्मलकर आदि मौजूद रहे।

**निधन**

## पूनाराम साहू



**नर्रा।** ग्राम करीडीही टेमरी निवासी पूनाराम साहू का आकस्मिक निधन 21 नवंबर शुक्रवार हो गया। उनकी अंत्येष्टि में लोग बड़ी संख्या में जुटे। वे रेशम रामेश्वर साहू सरपंच करीडीही के पिता थे।



# समरसता और सेवा के संदेश के साथ संघ का शताब्दी वर्ष पर गृह संपर्क

**बसना।** शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बंसुलाडीपा की चंद्रशेखर आजाद शाखा द्वारा संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गृह संपर्क अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान की शुरुआत उत्साह, सकारात्मकता एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ हुई। गृह संपर्क के दौरान स्वयंसेवकों ने संघ के 100 वर्षों की विकास यात्रा, सेवा कार्यों तथा समाज को दिशा देने वाले पंच परिवर्तन विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। परिवारों ने सभी स्वयंसेवकों का स्वागत किया और विभिन्न विषयों पर अपने विचार भी साझा किए। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल की परिस्थिति तथा समरसता के महत्व पर परिवारों द्वारा रखे गए विचार उल्लेखनीय रहे। इस कार्यक्रम में चंद्रशेखर आजाद शाखा से प्रफुल्ल सामल, धनेश्वर साहू, गोवर्धन प्रधान, हरिराम साव सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए। इस दौरान स्वयंसेवकों एवं स्थानीय परिवारों में संघ के कार्यों के प्रति विश्वास, अपनत्व और सकारात्मक अनुभूति का संचार हुआ।




# नवोदय प्रयास सैनिक अभ्यास परीक्षा आयोजित, 100 परीक्षार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

नगर स्थित संस्कार शिक्षण संस्थान द्वारा नवाचारी पहल करते हुए कक्षा छठवीं नवोदय एवं कक्षा नवमी प्रयास सैनिक अभ्यास परीक्षा का आयोजन प्रतिभा पब्लिक विद्यालय में रविवार 23 नवंबर को सफलतापूर्वक किया गया। इस अभ्यास परीक्षा में जिले भर से आए 100 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

संस्थान की डायरेक्टर सीमा गौरव चंद्राकर ने बताया कि इस अभ्यास परीक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को ओएमआर शीट को सही तरीके से भरने, परीक्षा पद्धति को समझने, उत्तर अंकित करने की प्रक्रिया सिखाने तथा उनके पूर्व तैयारी स्तर का आकलन कर गलतियों को सुधारने का अवसर देना था। उन्होंने बताया कि नवोदय परीक्षा कुल 80 प्रश्नों की होती है, जिसमें मानसिक योग्यता, अंकगणित परीक्षण एवं भाषा परीक्षण शामिल रहते हैं और कुल 100 अंक निर्धारित होते हैं। इन्हीं सभी पहलुओं पर विस्तृत पूर्वाभ्यास कराया गया ताकि बच्चे वास्तविक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। संस्कार शिक्षण संस्थान पिथौरा में नियमित पाठ्यक्रम के साथ-साथ नवोदय, प्रयास, सैनिक स्कूल, एकलव्य विद्यालय सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है, जिससे बच्चों को सफलता का मार्ग प्रशस्त हो सके। अभ्यास परीक्षा के सफल संचालन में संस्थान की संचालिका सीमा गौरव चंद्राकर, योगेश निर्मलकर (पटेवा), कमल प्रसाद साहू (भगत देवरी) सहित जिले भर से आए पालक, शिक्षक एवं विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही।



